# वीयू – ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो 23 जनवरी को

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के दिशा–निर्देशन एवं डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में 13वीं ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कल दिनांक 23 जनवरी को होने जा रहा है। कार्यक्रम पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर मैदान, जबलपुर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालतू पशुओं के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना, जिम्मेदार पालतू–पालन को प्रोत्साहित करना तथा पशु कल्याण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है।